DAY — **16** SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	III	04	1500	**J-381**	(H)

FIELD TECHNICIAN- OTHER HOME APPLIANCES (F6)

(REVISED COURSE)

Time : 3 Hrs. **(6 Pages)** **Max. Marks : 80**

सूचना : *(१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(२) आवश्यक स्थानों पर सुस्पष्ट आकृतियाँ बनाइए।

(३) दाहिनी ओर दी गई संख्याएँ प्रश्नों के गुण दर्शाती हैं।

(४) प्रत्येक प्रश्न का आरंभ नए पृष्ठ से कीजिए।

प्र. १. (अ) निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्पों चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए एवं वाक्य पुन: लिखिए : **[२०]** (५)

(१) मिक्सर की सुरक्षा के लिए —— का उपयोग किया जाता है।

(अ) मोटर (ब) ओवरलोड स्विच

(क) शाफ्ट (ड) जार

(२) प्रेज़ेंटेशन में स्लाइड सेव करने के लिए —— की का उपयोग किया जाता है।

(अ) Ctrl + S (ब) Ctrl + V

(क) Ctrl + C (ड) Ctrl + P

(३) हमें क्या चाहिए और उसे कैसे प्राप्त करना है यह समझने में —— सहायता करता/करती है।

(अ) प्रेरणा (ब) सकारात्मक रवैया

(क) गोल सेटिंग (ड) इनमें से कोई नहीं

(४) फलों और सब्ज़ियों को कूटने और काटने के लिए —— का उपयोग किया जाता है।

(अ) इस्त्री (ब) मिक्सर

(क) ग्राईंडर (ड) जूसर

(५) माइक्रोवेव ओवन में अत्यधिक करंट (over current) से सुरक्षा के लिए —— का उपयोग किया जाता है।

(अ) सर्किट ब्रेकर (ब) फ्यूज़

(क) रिले (ड) इनमें से कोई नहीं

(ब) उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (५)

'अ' विभाग	'ब' विभाग
(अ) माइक्रोवेव का स्रोत	(१) ABS प्लास्टिक
(ब) दोषपूर्ण इन्सुलेशन	(२) ई-कूड़ा प्रबंधन
(क) संघटनात्मक कौशल	(३) मैग्नेट्रॉन
(ड) मिक्सर बेस यूनिट	(४) विद्युत ख़तरा
(इ) प्रदूषण कम करना	(५) समय प्रबंधन

(क) निम्नलिखित विधान 'सही' हैं या 'गलत', लिखिए : (५)

(१) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल का उपयोग डॉक्यूमेंट बनाने के लिए किया जाता है।

(२) माइक्रोवेव में उष्णता वहन करने की क्षमता कम होती है।

(३) सिट्रस जूसर से फलों और सब्ज़ियों से रस निकालने के लिए यांत्रिक शक्ति का उपयोग किया जाता है।

(४) ठोस पदार्थ को तरल पदार्थ से अलग करने के लिए स्ट्रेनर का उपयोग किया जाता है।

(५) दोषपूर्ण मोटर से मिक्सर में अतिरिक्त कंपन होता है।

(ड) निम्नलिखित प्रश्नों के केवल 'एक' वाक्य में उत्तर लिखिए : (५)

(१) स्प्रेडशीट के कोई दो घटक (तत्त्व) लिखिए।

(२) माइक्रोवेव के अंदर खाना पकाने के लिए कहाँ रखा जाता है?

(३) पाउडर बनाने के लिए किस ब्लेड का उपयोग किया जाता है?

(४) कौन-सा जूसर मैन्युअल रूप से संचालित किया जाता है?

(५) स्लिप प्रूफ फिट का उपयोग क्यों होता है?

प्र. २. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए (कोई चार) : **[१२]**

(१) ओवरलोड प्रोटेक्टर के कार्य लिखिए।

(२) निम्नलिखित अग्निशामक चार्ट पूर्ण कीजिए :

अ.क्र.	कक्षा (class)	पानी (CO_2)	सूखा पाउडर	फोम
(१)	A	---	---	--
(२)	B	---	---	--
(३)	C	---	---	--

(३) टिप्पणी लिखिए : सेंट्रीफ्युगल जूसर

(४) ध्यानपूर्वक श्रवण का महत्त्व क्या है?

(५) उद्‌योजकता (entrepreneurship) की विशेषताएँ लिखिए।

(६) उच्च वोल्टेज और करंट पर चलने वाले माइक्रोवेव ओवन के भागों के नाम लिखिए।

प्र. ३. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए (कोई चार) : **[१२]**

(१) निम्नलिखित कृति पूर्ण कीजिए :



(२) जार का कार्य लिखकर उसके प्रकार स्पष्ट कीजिए।

(३) टिप्पणी लिखिए : सोलो माइक्रोवेव ओवन

(४) निम्नलिखित भागों के कार्य स्पष्ट कीजिए :

(१) जूसिंग स्क्रू (juicing screw)

(२) पल्प कप (pulp cup)

(३) प्लंजर (plunger)

(५) प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स की सामग्री की सूची बनाइए।

(६) सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने में सहायता करने के तरीके लिखिए।

प्र. ४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए (कोई तीन) : **[१२]**

(१) माइक्रोवेव ओवन के आंतरिक भागों की सूची बनाइए।

(२) जूसर की समस्याओं का समाधान लिखिए :

'बेस यूनिट शुरू नहीं होता है।'

(३) निम्नलिखित चार्ट पूर्ण कीजिए :

अ.क्र.	वाक्य	कर्ता	क्रियापद	कर्म
(१)	मैं पत्र लिख रहा हूँ।	---	---	---
(१)	उसने ग्राहक को बुलाया	---	---	---

(४) माइक्रोवेव ओवन के ऑपरेशन का आरेख (आकृति) बनाइए।

(५) निम्नलिखित कृति पूर्ण कीजिए :



प्र. ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए (कोई तीन) : **[१२]**

(१) निम्नलिखित आकृति को नामांकित कीजिए :



(२) बिजली पर काम करते समय किन सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए?

(३) निम्नलिखित चार्ट पूर्ण कीजिए :

अ.क्र.	शॉर्टकट की	उपयोग
(१)	Ctrl + C	----
(२)	Ctrl + P	----
(३)	Ctrl + V	----
(४)	Ctrl + S	----

(४) मिक्सर में फ्यूज़ परीक्षण की सीढ़ियाँ लिखिए।

(५) जूसर के उपयोग के बाद जूसर की देखभाल आप कैसे करेंगे?

प्र. ६. (अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए (कोई एक): (६) **[१२]**

(१) मिक्सर के संभावित दोष और उसके कारण लिखिए :

(अ) मिक्सर चालू नहीं हो रहा।

(ब) मोटर कम गति से घूमती है।

(क) मोटर चलते समय ध्वनि आती है और जल्दी गर्म हो जाती है।

(२) निम्नलिखित आकृति पूर्ण कीजिए :



(ब) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए (कोई एक) : (६)

(१) बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए?

(२) जूसर का उपयोग करने से पहले सुरक्षा सावधानियों की सूची बनाइए।

◆◆◆